# ब्यौहारी में 18 हाथियों का झुंड देख लोग दहशत में, वन विभाग की दस टीमें कर रहीं निगरानी



**ब्यौहारी, देशबन्धु।** ब्यौहारी के दुबरी और बस्तरा गांव में 18 हाथियों का झुंड देखकर लोगों में दहशत का माहौल है। पिछले 10 दिनों से इस क्षेत्र में जंगली हाथियों का झुंड विचरण कर रहा है। वन विभाग की 10 से अधिक टीमें लगातार हाथियों की निगरानी बनाए हुए हैं। आसपास खेतों में लगी कोदो की फसल को वन विभाग ने सैंपलिंग भी कारवाई है, क्योंकि बीते कुछ दिनो पहले ही बांधवगढ़ में इस फसल को खाने से 11 हाथियों की मौत का मामला देश भर में छाया रहा।

यह क्षेत्र बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व एवं संजय गांधी टाइगर रिजर्व से जुड़ा हुआ है, जिसकी वजह से हाथियों का झुंड लगातार यहां मूवमेंट कर रहा है। हालांकि जिस क्षेत्र में हाथियों की लोकेशन मिल रही है, वह बफर क्षेत्र में आता है। अधिकारियों के अनुसार हाथियों का झुंड पूरा दिन संजय गांधी टाइगर रिजर्व की ओर चला जाता है। रात होते ही ब्यौहारी के बस्तरा एवं दुबरी गांव से यह हाथी यहां आ जाते हैं और खेतों में लगी फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। जिससे ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। 10 दिनों से लगातार इस क्षेत्र में हाथियों का मूवमेंट बना हुआ है। पहले दिन ही हाथियों को देखकर लोगों ने मामले की जानकारी वन विभाग को दी थी, जिसके बाद लगातार वन विभाग की 10 टीम इन हाथियों की निगरानी बनाए हुए हैं।

कोदो की फसल खाने से 11 हाथियों की मौत बांधवगढ़ में बीते दिन हुई थी। अब ब्यौहारी में 18 हाथियों का झुंड 10 दिनों से विचरण कर रहा है। आसपास लगी कोदो की फसल की वन विभाग ने सैंपलिंग करवाई है और किसानों से वन विभाग के अधिकारियों ने कहा है कि जिनकी फसल पक गई है उसे जल्द से जल्द खेतों से काट लिया जाए। बताया जा रहा है कि छत्तीसगढ़ से यह हाथियों का झुंड यहां पहुंचा है, जो संजय गांधी टाइगर रिजर्व के साथ-साथ बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व क्षेत्र में घूम कर वापस ब्यौहारी क्षेत्र में आ रहा है।

# सजा काटकर लौटे बेटे ने की पिता की हत्या

## खाट की पाटी से पीट-पीटकर उतारा मौत के घाट

**छतरपुर, देशबन्धु।** छतरपुर जिले के गढ़ीमलहरा थाना क्षेत्र में बेटे द्वारा पिता की जघन्य हत्या करने का मामला सामने आया है। जहां पुत्र ने अपने ही पिता की लकड़ी से पीट-पीटकर हत्या कर दी। आरोपी बेटा हत्या के मामले में सजा काटकर जेल से आया था और अब उसने पिता की ही हत्या कर दी। आरोपी ने घर के सामने ही घटना को अंजाम दिया और वारदात के बाद शव को घसीटकर पीछे बाड़े में फेंक दिया था। प्रारंभिक जानकारी में हत्या के पीछे की वजह पारिवारिक विवाद बताया जा रहा है। घटना और मामले को जानकारी लगाने पर थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई है। तो वहीं पुलिस ने हत्यारोपी को पिता की टैक्सी सहित बस स्टैंड के पास से गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के मुताबिक पुत्र नरेंद्र रैकवार जो कि पूर्व में हत्या के मामले में सजा काटकर आया है उसने अपने ही पिता पूरन रैकवार की हत्या कर दी। बता दें कि पूर्व में नरेंद्र रैकवार ने गढ़ीलहरा के काली माता मंदिर के पुजारी की निर्मम हत्या कर दी थी, जिसकी वह सजा काटकर आया है और अब उसने स्वयं अपने



पिता की चारपाई की पार्टी से पीट-पीटकर सर कुचलकर हत्या कर दी।

घटना और मामले की जानकारी लगने पर नौगांव स्ठहक्क चंचलेश मरकाम, गढ़ीमलहरा थाना प्रभारी सुरभि शर्मा, स्ढ्ढ संतोष सिंह, आरक्षक दशरत जाट, मुंशी शैलेंद्र तिवारी घटनास्थल पर पहुंचे जहां डॉग एस्कॉर्ट टीम भी मौके मामले की जांच कर रही है। हत्या की असल वजह अभी सामने नहीं आ सकी है। पुलिस पूछताछ कर रही है।

## सार-समाचार

### पाली थाना का उप पुलिस निरीक्षक ने किया वार्षिक निरीक्षण

**बिरसिंहपुर पाली,देशबन्धु।** उमरिया जिले के पाली थाना के वार्षिक निरीक्षण के लिए शहडोल संभाग की उप महानिरीक्षक सविता सुहाने पहुंची, उन्होंने लगभग तीन घंटे तक थाने के दस्तावेंजो की सूक्ष्मतम जांच निरीक्षण करते हुए संतोष जनक स्थिति पायी। उन्होंने थाना के रखरखाव, साफ-सफाई व्यवस्था का भी जायजा लिया। सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के प्रकरणों का युक्त युक्त निराकरण पाया। थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए उन्होंने वीट प्रभारियों को और चुस्त-दुरुस्त रखने के सन्दर्भ में निर्देश दिए । इस दौरान बंदी गृह का भी निरीक्षण किया। उप महानिरीक्षक ने बताया कि वरिष्ठ अधिकारियों को की जाने वाली शिकायतों का निराकरण ठीक है, जो मामले निराकृत नहीं है उनके लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। कुल मिलाकर उन्होंने थाना के कार्यवाही को जांच में उत्तम पाया गया।

पुलिस उप महानिरीक्षक ने निगरानी सुदा गुण्डा बदमाशों की निगरानी कड़ाई से जारी रखें, तथा नये अपराधियों की निगरानी शुरू करने के लिए कहा गया, साथ ही आपने बाजार-हाटो और मुसाफिर की जांच बढ़ाने के लिये कहा गया । पुराने थाना भवन जो कि अनुपयोगी हो गया है इसके लिए पुलिस अधीक्षक उमरिया को नियमानुसार प्राक्कलन तैयार कर भेजने के निर्देश दिए गए हैं । उप पुलिस महानिरीक्षक का निरीक्षण किया से थाना में नयी कसावट आने की उम्मीद जागी है।

### ब्यौहारी में बनेंगी दो बघेली फिल्में



**ब्यौहारी, देशबन्धु।** नगर परिषद के अंतर्गत रेलवे तिराहा के पास विनायक पैलेस में लोटा एवं कुख्यात दो फिल्मों का मुहूर्त संपन्न हुआ, जिसमें पत्रकार वार्ता के माध्यम से फिल्म के संबंधित जानकारी दी गई। पत्रकारों को लोटा भेंटकर फिल्म का प्रमोशन किया गया। फिल्म लीड एक्टर बघेली फिल्मों के स्टार अविनाश तिवारी अभिनेत्री अन्नपूर्णा द्विवेदी, रामकृष्ण वैश्य बुढ़वा ,फिल्म का निर्देशन कुणाल सिंह सोलंकी करेंगे। लोकेशन मैनेजर हिमांशु पटेल है मुहूर्त कार्यक्रम का शुभारंभ-विधायक शरद कोल द्वारा किया गया। नगर निरीक्षक अरुण पांडे भी कार्यक्रम में उपस्थित थे। सबसे बड़ी बात यह है कि पूरी फिल्म को ब्यौहारी के विभिन्न लोकेशन में शूट किया जाएगा, जिससे ब्यौहारी क्षेत्र में आगे आने वाले समय में बड़ी फिल्मों के शूटिंग का रास्ता खुलेगा।

### दो गांजा का तस्करों को 12-12 वर्ष का कठोर कारावास

**पन्ना, देशबन्धु।** पन्ना जिला अदालत ने अवैध रूप से गांजा का परिवहन करने वाले दो दोषियों को 12-12 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है।अदालत ने एक-एक लाख 25-25 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है।जुर्माना अदा नहीं करने पर दोषियों को अतिरिक्त कारावास भुगताना होगा।

जिला लोक अभियोजन अधिकारी ऋषिकांत द्विवेदी के अनुसार 6 अगस्त 2021 को अवैध रूप से गांजा का परिवहन करते हुए सफेद रंग की स्विफ्ट डिजायर कार को पकड़ा था। तलाश करने पर उक्त वाहन क्रमांक-सीजी 04 एचबी 5363 की डिग्गी के बीच एक लोहे की प्लेट के नीचे मादक पदार्थ गांजा की पॉलीथीन के 45 बडे पैकेट व 7 छोटे पैकेट बरामद किए। तौल कराने पर 48 किलो 590 ग्राम गांजा कीमत करीब 9,71,800/ रुपए पाई गई। आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट का मामला पंजीबद्ध कर चालान कोर्ट में पेश किया। विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट इंद्रजीत रघुवंशी के न्यायालय ने आरोपियों को 12-12 वर्ष के कठोर कारावास एवं सवा-सवा लाख रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया।

### कलेक्टर ने जल जीवन मिशन अंतर्गत समूह जल प्रदाय योजना के कार्यों का किया निरीक्षण

**पन्ना, देशबन्धु।** कलेक्टर सुरेश कुमार ने जल जीवन मिशन अंतर्गत संचालित जिले की अतिमहत्वाकांक्षी सिंघौरा-2 समूह जल प्रदाय योजना के हेड वर्क के कार्यों का आज मौका स्थल पर पहुंचकर निरीक्षण किया। इस दौरान पन्ना ब्लॉक के ग्राम दहलान चौकी में प्रगतिरत पानी टैंक निर्माण कार्य का अवलोकन किया। वन विभाग द्वारा अनुमति के अभाव में रोके गए कार्यों की समीक्षा कर अवरोध दूर करने के लिए आवश्यक कार्यवाही की बात कही।

# पुलिस टीम पर हमला करने वाले छह आरोपी गिरफ्तार, जुआ पकड़ने के दौरान हुआ विवाद



**शहडोल, देशबन्धु।** दीपावली के समय धनपुरी पुलिस जुआ पकड़ने गई थी, तभी पुलिस पर हमला बोल दिया गया था। हमला करने में महिलाएं भी शामिल थी। पुलिस ने जुआं खेल रहे युवक को पकड़ा तो उसके परिजन सामने आ गए और पुलिस वाहन में तोड़फोड़ कर मारपीट की थी, जिसमें एक सहायक उप निरीक्षक घायल हुई थी। पुलिस ने इस मामले में शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करना व अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर कार्रवाई की थी। इस मामले में घटना दिनांक से फरार चल रहे छह आरोपियों को पुलिस ने अब गिरफ्तार किया है। जिसमें महिलाएं भी शामिल है।

धनपुरी पुलिस ने बताया कि एक नवंबर की रात जानकारी मिली थी कि संग्राम सिंह दफाई में जुआ फड़ संचालित हो रहा है। फड़ में दबिश के दौरान जुआरी वासु सिंह को पकड़ा गया था। इस दौरान वासु सिंह के परिजनों ने पुलिस टीम को अश्लील गालियां देने लगे एवं भीड़ और अंधेरे का फायदा उठाकर पथराव करने लगे।

इस दौरान कुछ पुलिसकर्मियों को चोट भी आई थी। वहीं जनकनंदनी ने बेसबॉल से शासकीय वाहन को क्षतिग्रस्त कर दिया था। इस दौरान सहायक उपनिरीक्षक अंजना अहिरवार को चोट आई थी। मारपीट व पथराव करने वाले विक्रम सिंह 30 वर्ष, वासू प्रताप सिंह 22 वर्ष, जनकनंदनी सिंह 48 वर्ष, जयनंदनी उर्फ वर्षा सिंह 28 वर्ष, साक्षी सिंह 26 वर्ष एवं नूतन सिंह 28 वर्ष के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया था। सभी आरोपियों को पुलिस ने सोमवार की शाम गिरफ्तार कर लिया है।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक का अभिषेक दीवान ने बताया कि घटना दिनांक से ही आरोपी फरार चल रहे थे। पुलिस ने आरोपियों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध मामला दर्ज किया था। लगातार तीन टीमें पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर गठित पर आरोपियों की तलाश कर रही थी, जिसमें पुलिस को सोमवार को सफलता हाथ लगी है और शाम को इन सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।



# 909 बैगा परिवारों को मिला बिजली कनेक्शन

**शहडोल, देशबन्धु।** केंद्र सरकार एवं मध्यप्रदेश सरकार द्वारा जनजातीय समुदायों की जीवन गुणवत्ता सुधारने के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में शहडोल जिले के बैगा बाहुल्य क्षेत्रों में प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत बैगा जनजाति के 909 परिवारों को अब विद्युत कनेक्शन उपलब्ध कराए गए हैं। यह कदम विशेष रूप से बैगा समुदाय के जीवन को आधुनिकता से जोड़ने और उन्हें सुविधाओं की ओर अग्रसर करने की दिशा में एक अहम पहल है।

मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी लिमिटेड शहडोल के कार्यपालन अभियंता दिनेश तिवारी ने बताया कि शहडोल जिले के बैगा बाहुल्य क्षेत्रों में पीएम जनमन योजनान्तर्गत 909 बैगा परिवारों के घर में बिजली कनेक्शन प्रदाय किया जा चुका है। उक्त परिवारों को बिजली के 49 नग ट्रांसफार्मर, 16 किमी 11 केव्ही लाईन का विस्तार कार्य तथा 30 किमी निम्नदाब लाईन का विस्तार कार्य किया गया है।

# पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के लिए शिविर आज

**शहडोल, देशबन्धु।** बिजली विभाग द्वारा प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना शिविर का आयोजन किया जा रहा है। मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी शहडोल के कार्यपालन अभियंता दिनेश तिवारी ने एक जानकारी में बताया कि मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड जबलपुर के निर्देशन में 14 नवंबर दिन गुरूवार प्रात: 11 बजे से दोपहर तीन बजे तक पावर हाउस केम्पस वितरण केन्द्र शहडोल (शहर), वितरण केन्द्र ब्यौहारी एवं वितरण केन्द्र बुढ़ार में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफत् बिजली योजना हेतु शिविर का आयोजन किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि इस शिविर में उपभोक्ताओं को प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत् विस्तृत जानकारी जैसे सोलर से होने वाले लाभ, प्रत्यावर्तन अवधि, सब्सिडी का डायरेक्ट खाता में ट्रांसफर, अधिक विद्युत उत्पादन होने पर आप किस दर से बिजली बेच सकते हैं के संबंध में विस्तार से जानकारी दी जाएगी। कार्यपालन अभियंता ने शहडोल (शहर),



ब्यौहारी और बुढ़ार वितरण केन्द्र के समस्त उपभोक्ताओं से शिविर में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थिति होकर योजना का लाभ प्राप्त करने की अपील की है।

**अभी इतनी मिल रही सब्सिडी**- कार्यपालन अभियंता श्री तिवारी ने यह भी बताया कि वर्तमान में घरेलू उपभोक्ताओं को सोलर पावर प्लांट लगाने पर भारत सरकार द्वारा अनुदान राशि एक किलो वॉट पर 30 हजार रूपए, 2 किलो वॉट में 60 हजार रुपए एवं 3 किलो वाट या उससे अधिक के रूफ टॉप सोलर लगाने पर 78 हजार हजार रूपए की सब्सिडी सीधे खाते में प्रदा की जा रही है।

# स्मार्ट मीटर लगाने का एनएसयूआई ने किया विरोध

## राज्यपाल और मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**उमरिया, देशबन्धु।** जिले में विद्युत विभाग द्वारा स्मार्ट मीटर लगाए जाने का विरोध तेज हो गया है। नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) ने इस मुद्दे पर राज्यपाल और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपते हुए स्मार्ट मीटर योजना को जनविरोधी करार दिया है। एनएसयूआई ने मांग की है कि स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया तुरंत रोकी जाए, क्योंकि इससे आम जनता पर अनावश्यक आर्थिक बोझ बढ़ेगा।

एनएसयूआई जिला अध्यक्ष मोहम्मद असलम शेर ने बताया कि स्मार्ट मीटर लगाने से बिजली बिलों में अचानक वृद्धि हो सकती है। इससे गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों पर आर्थिक संकट गहराने का खतरा है। संगठन ने चेतावनी दी कि अगर स्मार्ट मीटर योजना वापस नहीं ली गईतो



एनएसयूआई सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन करेगी। असलम शेर का कहना है कि यह कदम आम जनता के लिए घातक सिद्ध होगा।

वार्ड नंबर चार और 5 के निवासियों ने भी विद्युत विभाग पर आरोप लगाते हुए कहा कि उनके घरों में बिना सहमति के पुराने मीटर हटाकर स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि स्मार्ट मीटर से उनके बिजली बिलों में अनावश्यक वृद्धि हो रही है और वे इस आर्थिक बोझ को वहन करने में असमर्थ हैं। उनका यह भी मानना है कि स्मार्ट मीटर की रीडिंग में गलतियाँ हो सकती हैं, जिससे बिल और अधिक बढ़ सकते हैं। ज्ञापन सौंपते समय एनएसयूआई के कार्यकर्ता और स्थानीय लोग, जैसे कृष्ण कांत तिवारी, ओम तिवारी, संदीप महार, आकाश सोनकर, रोहित कोल, जगदीश प्रसाद जयसवाल सहित कई निवासी मौजूद रहे। एनएसयूआई ने मुख्यमंत्री से इस विषय पर विस्तृत चर्चा की मांग की है, ताकि जनता की समस्याओं का समाधान किया जा सके।

# लावारिस हालत में मिली नवजात

## बच्ची पुलिस एवं स्वास्थ्य विभाग की निगरानी में पूर्णतः स्वस्थ

**मझौली, देशबन्धु।** मां की ममता को शर्मसार कर देने वाली एक घटना मझौली थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस चौकी पथरौला की ग्राम पंचायत बनिया टोला में सामने आई है। वहां पंचायत भवन के पास ही अरहर के खेत में 12 नवंबर दिन मंगलवार की सुबह एक नवजात शिशु बच्ची लावारिस हालत में पड़ी पाई गई। उसकी जान बचाने के लिए पुलिस एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम जी जान से लगी हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सुबह उषा गुप्ता नाम की महिला ने बच्चे के रोने की आवाज सुनी। उसने कुछ लोगों के साथ जाकर देखा तो एक नवजात शिशु अरहर के खेत में पड़ा था। वह पूरी तरह स्वस्थ था। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। चौकी प्रभारी प्रीति वर्मा तत्काल पुलिस बल के साथ पहुंचे और बच्ची को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मझौली गए। वहां डॉक्टर राकेश तिवारी व उनके



सहयोगी सीएचओ जोबा नीरज मिश्रा एवं महिला स्वास्थ्य स्टाफ के साथ बच्ची की देखभाल और जांच में जुट गए। डॉक्टर राकेश तिवारी के अनुसार शिशु पूर्ण स्वस्थ है। बस सर के पिछले भाग में थोड़ी सी चोट है और सब ठीक है।

**बच्ची को पाने लालायत है महिला**- उधर, बच्ची को पाने के लिए उसे सबसे पहले देखने वाली महिला उषा गुप्ता पूरी तरह से लालायित है। बताया जा रहा है कि यह महिला बच्ची को अपना दूध भी पिला चुकी है। उसने मीडिया से भी बच्ची को पाने की इच्छा जाहिर की है। महिला उषा गुप्ता ने बताया कि मेरे दो बच्चे, एक पुत्र, एक पुत्री थी। पुत्री की कुछ दिन पहले मृत्यु हो गई है। आज देवउठनी एकादशी के दिन यह बच्ची मुझे मिली है इसलिए मैं इसे किसी भी हालत में खोना नहीं चाहती। मेरा प्रशासन से आग्रह है कि इस बच्ची को मुझे ही दिया जाए। मैं एक मां की तरह पूरी जिम्मेदारी से बच्ची की पालन पोषण करूंगी।

पूछने पर उसने बताया कि मेरे पति भी हैं। एक बच्चा है। जब यह पूछा गया कि क्या उन्होंने अपने पति से पूछा है? उसने कहा अभी पूछा नहीं है, लेकिन मुझे पूर्ण विश्वास है कि वह किसी भी हालत में मेरी इच्छा का विरोध नहीं करेंगे। महिला के इस कथन से यह साबित होता है कि मां की ममता अभी भी कहीं न कहीं बरकरार है।

# युवा टीम ने जरूरतमंद परिवारों को बांटे खुशियों के पैकेट

**उमरिया, देशबन्धु।** देवउठनी एकादशी और तुलसी विवाह के अवसर पर उमरिया जिले की सक्रिय युवा टीम ने जरूरतमंद परिवारों के बीच खुशी का पैकेट वितरित कर एक अनूठी सेवा निभाई। इस पैकेट में नए गर्म कपड़े, लाई-बताशा, मिठाई, दीपक, बत्ती, तेल आदि शामिल है। यह सामग्री इन परिवारों के लिए त्योहार के दिन खास सौगात बनी। यह सेवा पिछले चार वर्षों से जारी है और इस बार भी इन युवाओं के प्रयास से गरीबों के घरों में त्योहार का आनंद फैला। टीम का उद्देश्य है कि प्रमुख त्योहारों पर बस्तियों में रहने वाले लोगों के बीच खुशियां बांटी जाएं।



टीम का नेतृत्व कर रहे हिमांशु तिवारी ने बताया कि हर वर्ष जन सहयोग से जरूरतमंदों को चिन्हित कर उन्हें उपहार स्वरूप खुशियों से भरे पैकेट भेंट किए जाते हैं। जैसे ही बुजुर्गों को ये पैकेट मिले, उनके चेहरे पर खुशी की चमक आ गई। इस मौके पर हिमांशु तिवारी के साथ खुशी सेन, मुस्कान महोबिया, फराना बानो, लक्ष्मी महोबिया, स्वाति कोल, सुरभि बैगा सहित कई युवा सदस्य मौजूद रहे।

उल्लेखनीय है कि युवा टीम उमरिया जिले में अपनी अलग पहचान बना चुकी है। यह टीम स्थानीय युवाओं द्वारा बनाई गई है, जो समाज में अनेक कल्याणकारी कार्यों को अंजाम देती है। टीम की सराहना न सिर्फ स्थानीय नागरिकों ने की है, बल्कि जिला कलेक्टर ने भी इन्हें कई बार प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया है।